भारत सरकार
पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1110
(दिनांक 16.12.2013 को उत्तर दिए जाने के लिए)
टीएससी के अंतर्गत निधियों का दुर्विनियोग

1110. श्री प्रभात झाः
श्री अरविन्द कुमार सिंहः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विभिन्न राज्यों में शौचालयों का निर्माण किए बिना ही सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान (टीएससी) निधियों का दुर्विनियोग किया गया है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान अब तक जानकारी में लाए गए ऐसे मामलों का राज्य–वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या टीएससी के अंतर्गत शौचालयों के अवैध निर्माण में सरपंचों की संलिप्तता की भी जानकारी मिली है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है;

(ड.) रीवा जिला, मध्य प्रदेश में बेलवा पाइकन ग्राम पंचायत के विशेष संदर्भ में इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(च) क्या निधियों के इस दुर्विनियोग की सीबीआई जांच शुरू करेगी; और

(छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेयजल और स्वच्छता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री भरतसिंह सोलंकी)

(क) से (घ) स्वच्छता राज्य का विषय है और भारत सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कवरेज में तेजी लाने के लिए राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता प्रदान करती है। विभिन्न स्थानों से प्राप्त होने वाली शिकायतों सहित निधियों के दुर्विनियोग संबंधी शिकायतों को संबंधित राज्य सरकारों के पास उचित सुधारात्मक उपायों के लिए तुरंत भेजा जाता है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा, राज्य/संघराज्य क्षेत्र–वार, अनुलग्नक–1 पर है।

(ड.) से (छ) मध्य प्रदेश के रीवा जिले की बेलवा पाइकन गांव पंचायत के विशेष सन्दर्भ में, मंत्रालय को दिनांक 12.12.2013 को एक शिकायत प्राप्त हुई है। इस पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए शिकायत राज्य सरकार को भेज दी गई है।

******

अनुलग्नक -I

दिनांक 16.12.2013 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1110 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मंत्रालय में प्राप्त शिकायतों का राज्य/संघराज्य क्षेत्र–वार

क्र.सं.	राज्य	शिकायतकर्ता का नाम	शिकायत की तिथि	विषय
1.	मध्य प्रदेश	मान्य संसद सदस्य श्री प्रभात झा द्वारा अग्रेषित मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत, जिला रीवा, मध्यप्रदेश को सम्बोधित श्री राम किशोर साहू, श्री रमेश साहू की शिकायत	19 नवम्बर 2013 (12.12.2013 को प्राप्त)	ग्राम पंचायत बेलवा पाइकन, तहसील मंगवा, जिला रीवा में निधियों का दुर्विनियोग
2.	नागालैंड	श्री थुंगजामो लोथा, पूर्व जनरल सैक्रेटरी लोथा स्टुडेंट यूनियन कैम्प दोयांग हाइड्रो प्रोजेक्ट, वोखा, नागालैंड	17.08.2013	वोखा जिला के अंतर्गत कार्यान्वियन एजेंसियों द्वारा शौचालयों के निर्माण के लिए केन्द्रीय निधियों का कुप्रबंध
3.	मध्य प्रदेश	श्री इन्द चन्द सोनी, जिला दुर्ग, मध्य प्रदेश	29.7.2013	अन्य शीर्षों में एनबीए निधियाँ खर्च करना
4.	ओडिसा	गुमनाम शिकायत नयागढ जिला, ओडिसा	22.05.2013	एनबीए के अन्तर्गत नयागढ, जिले में अनियमिताएं/गैर–कानूनी एवं अत्यधिक भ्रष्टाचार
5.	मध्य प्रदेश	संयुक्त प्रतिवेदन गांव–उमरिया, खारगौन जिला, मध्य प्रदेश	शून्य 22.05.2013 को प्राप्त	जनता के प्रतिनिधि एवम् सरकारी कर्मचारियों द्वारा एनबीए के अंतर्गत निधियों का दुर्विनियोग
6.	मध्य प्रदेश	श्री मनीश मदजार, सम्पादक, नीमर की दुनिया, जिला खारगौन, मध्य प्रदेश	शून्य 5.5.2013 को प्राप्त	मध्य प्रदेश के खारगौन जिले में टीएससी के अंतर्गत शौचालयों के निर्माण में अनियमितताएं
7.	उत्तर प्रदेश	श्री अहमद नवी, जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश	18.4.2013	जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश में एनबीए निधियों में अनियमितताएं
8.	गुजरात	श्री परमार फालिया, वडोदरा, गुजरात	3.4.2013	पोरगाव वडोदरा, गुजरात में एनबीए के अंतर्गत शौचालयों के निर्माण में अनियमितताएं
9.	महाराष्ट्र	श्री मनोहर, जिला नागपुर, महाराष्ट्र	15.3.2013	निर्मल ग्राम पुरस्कार प्राप्त करने में गलत विवरण
10.	गुजरात	श्री रंजीत भाई, पोर गांव, वड़ोदरा, गुजरात	4.3.2013	शौचालयों के निर्माण की गलत सूचना
11.	असम	गुमनाम शिकायत	शून्य 31.12.2012 को प्राप्त	असम में पीएवईडी गतिविधियों में अनियमितताएं
12.	उत्तर प्रदेश	श्री प्रहलाद सिंह गांव–असी रामपुर, जिला जालोन, उत्तर प्रदेश	15.12.12	ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा एनबीए के अंतर्गत निधियों का दुर्विनियोग
13.	गुजरात	श्री वसावा वी जे, गांव तिल्लीपाडा नर्मदा, गुजरात	29.10.2011	शौचालयों के निर्माण के लिए निधियों का दुर्विनियोग